हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 15 जुलाई 2025

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 श्रावण सोमवार को शिव जयकारों से गूंजे...



08 गिरफ्तार सभी 61 लोगों को किया रिहा, प्रबंधात्मक...



## खबर संक्षेप

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 16 को

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, रोगी कल्याण (कार्यकारिणी) समिति, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार रोगी कल्याण समिति, जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन दिनांक 16 जुलाईको दोपहर 12:00 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में किया जाएगा। बैठक में जिला चिकित्सालय में संचालित चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने एवं अस्पताल प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### किसानों से ग्रेडिंग कर फसल लाने की अपील

**नर्मदापुरम।** ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन कार्य को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से जिला प्रबंधक वेयरहाउस श्री दवांडे ने जिले के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपनी मूंग फसल को उपार्जन केंद्र पर लाने से पूर्व अनिवार्य रूप से ग्रेडिंग करवा कर ही लाएं। इससे उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक असुविधा से बचा जा सकेगा तथा फसल का उपार्जन शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार किया जा सकेगा।

### इटारसी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर की अदालत का फैसला

# गंगा नदी दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की तस्करी के दोषियों को 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गंगा नदी से पकड़े गए दुर्लभ इंडियन टेंट टर्टल भारतीय तंबू कछुआ की तस्करी के मामले में कोर्ट ने 4 आरोपियों को 3 साल की सजा और 25-25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला दो साल पुराने मामले में इटारसी कोर्ट ने सुनाया। 30 सितंबर 2023 को यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन में दबिश देकर इटारसी में 282 कछुओं की खेप पकड़ी गई थी। इनमें 280 जीवित और 2 मृत कछुए मिले थे। ये कछुए लखनऊ से चेन्नई तस्करी कर ले जाए जा रहे थे। मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने पश्चिम बंगाल के नरोत्तम सरकार और स्वप्न पाल को मौके से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने सुग्रीव (निवासी अयोध्या) और अभिषेक उर्फ राजा का नाम भी बताया, जो इस तस्करी में शामिल थे।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर की अदालत ने सोमवार को दुर्लभ प्रजाति के कछुए की तस्करी करने वाले 4 दोषियों को 3 साल की सजा से दण्डित किया है।



### कानून क्या कहता है?

इंडियन टेंट टर्टल वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति है। इसकी तस्करी अपराध की श्रेणी में आती है और दोषी पाए जाने पर 3 से 7 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

### जब्त कछुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में छोड़े गए

इटारसी में जब्त किए गए 282 में से 280 जीवित इंडियन टेंट टर्टल को तवा डैम क्षेत्र में छोड़ दिया गया था, जो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से लगा इलाका है।

### पानी को रखते हैं स्वच्छ


- प्राकृतिक स्वच्छताकर्मी होते हैं- यह काई, शैवाल खाकर पानी को साफ रखते हैं।
- ऑक्सीजन लेवल बढ़ाते हैं, जिससे नदी का इकोसिस्टम स्वस्थ रहता है।
- गंगा और नर्मदा जैसी साफ नदियों में पाए जाते हैं।
- इनका कवच तंबू के आकार का होता है, इसलिए इन्हें "टेंट टर्टल" कहा जाता है।
- घरों में सजावट के लिए एक्वेरियम में रखने की प्रवृत्ति से इनकी तस्करी बढ़ रही है।

### दोषी पाये जाने पर आरोपियों को 3 साल की सजा

चारों आरोपियों ने गंगा नदी से कछुए पकड़ने और चेन्नई तक पहुंचाने की बात स्वीकार की। अभियोजन की ओर से अरुण पठारिया ने पैरवी की। कोर्ट ने दोषियों को 3 साल का सश्रम कारावास और 25-25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

# नशे की हालत में गाड़ी चलाने से दुर्घटना,हुई मौत

### घटना के सात दिन बाद मिला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नशे की हालत में 32 वर्षीय युवक को गाड़ी चलाना पड़ा महंगा वापस घर जाते समय खाई में जा गीरी बाइक जिससे बाइक सवार की मौत हुई।

अर्जुन कहार पिता मारू कहार रोज़ 25 किमी का सफर तय कर पत्नी के साथ पचमढ़ी व्यवसाय के लिए आता था। अर्जुन और उसकी पत्नी पचमढ़ी के ही जटाशंकर मंदिर में छोटी दुकान लगाकर अपना व्यवसाय चलाते थे। पत्नी द्वारा बताएं कथन में उसने बताया कि 7 जुलाई को जब वह वापस अपने गांव मोहगांव के लिए निकले। हमेशा की ही तरह अर्जुन अपनी अपाचे बाइक पर आगे था और पत्नी एवं उसकी मां उनके पीछे स्कूटी पर थे। कुछ देर के सफर तय करने के बाद उन्हें (पत्नी को) अर्जुन दिखाई नहीं दिया उन्हें लगा कि वह तेज गति से गांव की तरफ चला गया है। जब पत्नी और मां गांव पहुंचे तो उन्हें अर्जुन घर पर नहीं मिला काफी देर इंतजार करने के बाद भी अर्जुन नहीं आया तब पत्नी को लगा वह शायद किसी रिश्तेदार के यहां निकल गया हो। 11 तारीख को थाने में पत्नी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 13 जुलाई को सूचना मिलती है कि पचमढ़ी से पिपरिया मार्ग पर बड़ी आम तालाब के कुछ नीचे दुर्गंध से महसूस हो रही है। मौके पर पुलिस बल पचमढ़ी पहुंचा तो स्थानीय एवं पुलिस बल की सहायता से जब खोजबीन की गई तो वहां बाइक और 7 दिन पुरानी एक बॉडी प्राप्त होती। पुलिस को दिए गए कथन में पत्नी ने बताया कि अर्जुन नशे की हालत में था एवं घर जाते समय भी वाइन शॉप से उसने शराब ली थी। 14 जुलाई को शव का पोस्टमार्टम कर परिवार को सुपुर्द किया गया।

# समाधान के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल लंबित मांगों का निराकरण कराने की मांग की।

# राज्य स्तरीय कुराश में सेमेरिटंस के स्कूल खिलाड़ियों ने जीते पदक, प्रशिक्षकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दतिया में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर कुराश खेल प्रतियोगिता में समेरिटंस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 11 पदक जीतकर मध्य प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा समूह में वंदिता राव स्वर्ण पदक, जिशा गुप्ता ने स्वर्ण पदक, आराध्या चंद्रवंशी स्वर्ण पदक, अर्नवी मिश्रा स्वर्ण पदक, पूर्वी यादव रजत पदक, लक्ष्य राठौर रजत पदक, तनिष्का यादव कांस्य पदक, नव्या सगवालिया ने कांस्य पदक, शांतनु कावड़कर कांस्य पदक अर्जित किया। कनिष्का चोरे , वैभव, शिवांश मालवीय ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता जम्मू कश्मीर मे आयोजित राष्ट्रीय कुराश खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे प्रशिक्षण कुमारी वैशाली तिवारी के नेतृत्व में खिलाड़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के कुराश खेल सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय 3 स्टार रेफरी राहुल व्यास, विद्यालय के संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खंपारिया आदि मौजूद रहे।



# संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु चलाया सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश के अनुसार नगर पालिका परिषद में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत जल जनित एवं वैक्टर जनित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम/बचाव हेतु निकाय स्तर पर निरंतर संचालित समग्र स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर आधारित विशेष अभियान जुलाई माह में आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की सफाई और उपयोगकर्ता के व्यवहार में परिवर्तन हेतु सीटीपीटी की सफाई हेतु विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है उपयोग करने वाले नागरिकों से चर्चा और व्यवस्था में सुधार लाने हेतु उनका फीडबैक लिया गया। उपयोग करने वाले नागरिकों को सफाई संबधित जानकारी दी जा रही है ।



स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया की नालों, नालियों के रखरखाव और जलभराव क्षेत्रों को लक्षित करके एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। नालों और जलभराव क्षेत्रों की सफाई हेतु विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है।

# पति की असामयिक मृत्यु के बाद वित्तीय संकट से जूझ रही पत्नी को मिली आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


आर्थिक संकट से जूझ रहे नागरिकों के लिए नगरपालिका परिषद शासन की योजना के माध्यम से उनकी मदद कर रही है। मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना जिसे संबल योजना भी कहा जाता है। एक महिला अपने पति की असमायिक मृत्यु के बाद आर्थिक संकट से जूझ रही थी। बच्चों को पालने में परेशानी आ रही थी, संबल योजना उसके लिए वरदान बनकर आई और उसे दो लाख रुपए की राशि शासन स्तर से मिली। जिसका प्रमाण पत्र नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा प्रदान कर किया। नगरपालिका में संचालित श्रम शाखा के संदीप यादव ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर शासन की योजनाओं से नागरिकों को लाभांवित किया जा रहा है। संबल योजना के तहत वार्ड 32 ईदगाह की ज्योति मंगरोल पति स्व हुकुमचंद मांगरोल को दो लाख की राशि का लाभ दिया गया। श्रीमती मंगरोल ने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया है।



# किसान ने अनाजों से बनाए अंतरिक्ष यात्रियों के पोट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम सुपरली के किसान योगेन्द्र सिंह सोलंकी ने अंतरिक्ष में गये शुभांशु शुक्ला एवं उनके साथी पैगी विलसन (अमेरिका), सवोस उज्जानवास्की (पोलेण्ड), टेगो कापूर (हंगरी) के विभिन्न अनाजों से पोट्रेट तैयार किये। जिस दिन इन यात्रियों ने अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी उसी दिन से इनके पोट्रेट बनाने में लगे थे। किसान सोलंकी ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और इन्होंने भी अंतरिक्ष में खेती पर अनेक रिसर्च की हैं, इसलिये इनके स्वागत के लिये अनाजों से पोट्रेट तैयार किये हं। उपयोग में किये गये अनाज धन, तिलख बाजरा, रागी, अलसी, राजगिरा, खस-खस आदि हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम सुपरली के योगेन्द्रपाल सिंह सोलंकी विगत 5 वर्षों से अनाजों से पोट्रेट बनाते हैं जिसमें देश-विदेश के अनेक राष्ट्राध्यक्षों सहित प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश की अनेक हस्तियों के पोट्रेट बना चुके हैं।



# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया अपना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम ने आज अत्यंत उल्लास, गरिमा और भावनात्मक वातावरण के बीच विद्यालय स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया। यह दिन विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और शिक्षकों के योगदान को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन पी.के. चटर्जी, डायरेक्टर्स डॉ. आशीष चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी, जूही चटर्जी, प्राचार्य मोना चटर्जी मंचासीन रहे। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य मोना चटर्जी ने विद्यालय की अब तक की गौरवशाली यात्रा, मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली तथा छात्रों की सर्वांगीण प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र और नेतृत्व का निर्माण करना है। इस अवसर पर जनरल मैनेजर सोनम सोखी, उपप्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया सहित अतिथि उपस्थित रहे। डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में छात्रों को सतत परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन का मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी।




# नर्मदा परिक्रमा पथ पर होगी साढ़े सात लाख पौधों की हरियाली

### नर्मदा के दोनों तटों को सहेजने के लिए की जा रही प्रदेश सरकार की कवायद, 1312 किमी पर होगी हरी चादर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुण्य सलिला पतित पावनी माँ नर्मदा करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था का केंद्र है। पं. राजेश तिवारी ने बताया कि लोग अपने जीवन की सार्थकता के लिए श्रद्धापूर्वक आराधना करतें हैं ,इतना ही नही नर्मदा परिक्रमा पथ की सीमा लगभग 1312 किलोमीटर लंबी है, जो मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्यों से होकर गुजरती है। यह परिक्रमा पथ नर्मदा नदी के दोनों तटों पर स्थित है और इसकी परिक्रमा करने वाले लोग इस पथ पर चलते हुए नर्मदा नदी की पूजा-अर्चना करते हैं।नर्मदा पुरम में नर्मदा पथ पर पौधरोपण की स्थिति काफी उत्साहजनक है। मध्य प्रदेश सरकार ने नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों पर लगभग 7.50 लाख पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें लगभग 43 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह पौधरोपण कार्य 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा और इसकी निगरानी ड्रोन और सैटेलाइट इमेज के माध्यम से की जाएगी।

### सॉफ्टवेयर से चयन

पौधरोपण के लिए स्थलों का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से हुआ। पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग की जाएगी और नियमित सिंचाई और देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। पौधरोपण की निगरानी ड्रोन और सैटेलाइट इमेज के माध्यम से की जाएगी। 2 एकड़ से अधिक भूमि वाले स्थलों पर सामान्य पद्धति से पौधरोपण होगा, जबकि 2 एकड़ से कम भूमि वाले स्थलों पर मियावाकी पद्धति से पौधरोपण हुआ।

### एक पेड़ मां के नाम

प्रदेश भर में प्रदेश सरकार द्वारा अभियान चला कर एक पेड़ माँ के नाम पौध रोपण किया जा रहा है इसके लिए सरकार द्वारा नर्मदा परिक्रमा पथ पर स्थित 233 आश्रय स्थलों कि एक हजार एकड़ भूमि पर 43 करोड़ की लागत से यह पौध रोपण जारी है।कलेक्टर सोनिया मीना के अनुसार नर्मदापुरम में यह अभियान 3 जुलाई से प्रारंभ कर दिया गया है ।

### विंध्यांचल शेड में हुआ शिवार्चन समिति का धार्मिक आयोजन

# शिवालयों में महारूद्राभिषेक और घरों में रूद्री निर्माण कर किया पंचगव्यों से शिवभक्तों ने कराया भगवान को स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भूत भावन भगवान शिव की आराधना का पवित्र सावन माह प्रथम सोमवार को नर्मदा नगरी आज सुबह से ही हर हर महादेव के जयघोष से गूँज उठी । अलसुबह से शिव भक्तों ने शिवालयों में।पहुंच कर आस्थापूर्वक अपने इष्टदेव भगवान शिव के शिवलिंग पर महारुद्राभिषेक कर धर्म लाभ लिया । पुत्री पुण्य सलिला माँ नर्मदा की नगरी नर्मदापुरम में आज शिव भक्तों शिवाराधना के साथ किया । अल सुबह से ही नर्मदा तट स्थित शिवालयों में पंचाक्षर मन्त्र ॐ नमः शिवाय के साथ हरहर महादेव के जय घोष समूचा वातावरण शिवमय हो गया ।




### भगवान के सौंदर्य रूप का हुआ श्रृंगार

सावन माह के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने अपने घरों में के अलावा काले महादेव मंदिर एवं शिवालयों में शिवलिंग व रुद्री निर्माण कर अभिषेक करने के बाद भगवान भोले बाबा के आकर्षक स्वरूप को विल्वपत्र व सुगन्धित रंग विरंगे से श्रंगारित किया गया ।

### विंध्याचलशेड में महाभिषेक

सावन माह में प्रतिदिन शहर की सेठानी घांट स्थित विंध्याचल शेड मैं शिवार्चन समिति द्वारा धर्माचार्य पंडित सोमेश परसाईं के आचार्यत्व में एकादश विप्रजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से भगवान शिव का नर्मदा जल एवं पंचगव्य और पंचाक्षर मंत्र के साथ महाभिषेक किया जा रहा है । इस अवसर पर आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि सावन माह में सोमवार को भगवान शिव की की आराधना का विशेष महत्व है। इस दिन शिवलिंग पर अभिषेक करने से भक्तों पर प्रभु कृपा होती है । उन्होंने बताया कि जनहितार्थ व राष्ट्रहित में यह धार्मिक अनुष्ठान जारी है ।

खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें: सीईओ

**बैतूल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं, समसामयिक मुद्दों की गहन समीक्षा की। सीईओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं में निर्धारित समयावधि में प्रगति सुनिश्चित करें और शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीईओ श्री जैन ने कहा कि जिले में यूरिया की आपूर्ति एवं वितरण को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसको लेकर किसी भी प्रकार का चक्का जाम, प्रदर्शन अथवा जन-अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करें एवं संभावित परिस्थितियों की समीक्षा करें। ब्लॉक कृषि अधिकारी संबंधित एसडीएम को प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासन को वस्तुस्थिति की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके। किसी भी प्रकार की शिकायत या अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीईओ ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण पर भी सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी फील्ड वर्क पर जाए और जनता से संवाद कर शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

### पंचामृत से भगवान भोलेनाथ का किया गया अभिषेक

# श्रावण सोमवार को शिव जयकारों से गूंजे शिवालय, भक्तों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



श्रावण सोमवार के दिन सुबह से ही नगर के शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों का ताता लगा रहा नगर के तप्तेश्वर मंदिर, चिंतेस्वर मंदिर, एवं ज्ञानेश्वर मंदिर में पूजन पाठ का दौर चलता रहा ताप्ती तट पर स्थित तप्तेश्वर मंदिर में स्थित शिवलिंग की अपनी मान्यता है माना जाता है कि यह शिवलिंग बालू का बनाया गया था, जिसकी रचना ब्रह्मा जी द्वारा की गई है, यही कारण है कि श्रावण मास में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मासोद रोड पर स्थित ज्ञानेश्वर शिव मंदिर में 7 ब्राह्मणों द्वारा अति रूद्र पाठ चल रहा है। सोमवार के दिन पंचामृत से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया, बेलपत्र भोलेनाथ पर चढ़ाकर शहस्त्र वाचन पाठ किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने भाग लिया। ज्ञानेश्वर मंदिर में महाकाल की तर्ज पर प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ को अनेकों आकर्षक रूप में सजाया जाता है। भगवान ज्ञानेश्वर को प्रतिदिन नया रूप दिया जा सके इसके लिए पंडित संजय जोशी, पंडित दीपक व्यास, पंडित ललित चौबे, निलेश जोशी विधिपूर्वक भगवान भोलेनाथ का सिंगार कर रहे हैं। श्रावण मास में भगवान ज्ञानेश्वर का रूप देखने बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंच रहे हैं मंदिर से जुड़े कृष्णा धोटे ने बताया कि अति रूद्र पाठ 7 ब्राह्मणो द्वारा किया जाता है भगवान भोलेनाथ का तीन बार अभिषेक किया जाता है यह अभिषेक पंचामृत केसर अष्टगंध के द्वारा किया जाता है संपूर्ण श्रावण मास में 30 दिन श्रृंगार आरती एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाता है।

#### ग्राम हेटी से पैदल कावड़ लेकर ताप्ती तक पहुंचे कांवड़िए

श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवभक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। ग्राम हेटी से दर्जनों श्रद्धालु कांवड़ यात्रा पर निकले। भक्तगण पैदल चलकर 12 किलोमीटर की दूरी तय कर मुलताई पहुंचे। श्रद्धालु ताप्ती नदी से जल लेकर वापस अपने गांव लौटेंगे। जहां ताप्ती जल से भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे, कंधों पर कांवड़ और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ कावड़ यात्री 24 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे।

### सावन के पहले सोमवार शहर के मंदिरों में रही भीड़

#### श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक, लगाये जयकारे



**बैतूल।** सावन मास के प्रथम सोमवार शहर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने शिवालय पहुंचकर जल, पंचामृत और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं मुक्तकंठ से जयकारे लगाये। जिससे शहर के समस्त शिवालय जयकारों से गूंजायमान हो उठे। दरअसल आज सावन महीने का पहला सोमवार था। यह दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। जिसके कारण सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की। कहा जाता है कि देवाधिदेव महादेव का सम्पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने से सौभाग्य प्राप्त होता है। मान्यता है कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं। यहीं कारण है कि सावन के प्रथम सोमवार मंदिरों में रुद्राभिषेक, पंचामृत स्नान, गंगाजल व दूध से अभिषेक तथा बेलपत्र अर्पण जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। शहर के कोठीबाजार स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भीड़ रही। वहीं कई भक्तगण कावड़ लेकर छोटा महादेव भोपाली भी पहुंचे, जहां भक्तों ने कावड़ में भरे जल से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके अलावा मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया।



### श्रावण माह के पहले सोमवार की पूजा-अर्चना

**शाहपुर।** नगर के मंदिरों में विशेष रूप से शंकर मंदिर में भक्तों के द्वारा प्रथम सावन सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। साथ में महिला भक्तों के द्वारा भगवान शिव का अभिषेक किया गया और आरती की गई। उसके बाद भजन का कार्यक्रम भी किया गया। संध्या काल में भगवान शिव के निर्मित शिवलिंग का जलाभिषेक भी किया गया। इसी समय मंदिर के पुजारी सचिन परसाई सिंटू महाराज के द्वारा महिलाओं की पूजा अर्चना में पूर्ण सहयोग प्रदान कर पूजन करवाया गया। सभी ने भगवान भोलेनाथ से पूरे विश्व के लिए सुख शांति की मनोकामनाएं की।

### यात्रियों में मची अफरा-तफरी

# शराब के नशे मे युवकों ने किया यात्री बस पर पत्थराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




पट्टन क्षेत्र के ग्राम वंडली से भोपाल जा रही डिस्टिक बस सर्विस की यात्री बस में प्रभात पट्टन से बैठे पांच युवकों ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। बस कंडक्टर एवं यूवको के बीच हुए विवाद चलते पांचो यूवको ने बस से उतरकर बस पर पत्थर से हमला कर दिया। जिसकी शिकायत थाने में की गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को डिस्टिक यात्री बस मे पट्टन से बैठे पांच युवकों ने हंगामा किया और उसके बाद बस से उतरकर बस पर पराव कर दिया मांगेना कला गांव के पास घटी इस घटना में बस कंडक्टर और कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घटना के संबंध में बस कंडक्टर ने बताया कि गोलू खुशरंग पट्टन का रहने वाला है। वह अपने चार साथियों के साथ पट्टन से बस में चढ़ा था। सभी युवक नशे में थे और बस के गेट पर खड़े होकर अन्य यात्रियों को परेशान कर रहे थे। बस कंडक्टर आदित्य विश्वकर्मा ने उन्हें सीट पर बैठने को कहा। इस पर युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पांचों युवक मांगेना कला के पास उतर गए ।विवाद बढने पर हाथापाई की नौबत आ गई। इसके बाद पांचों युवक मांगेना कला के पास बस से उतर गए। उन्होंने बस पर पथराव कर दिया। बस में अफरा-तफरी मच गई।कंडक्टर आदित्य विश्वकर्मा और अन्य स्टाफ ने गोलू खुशरंग को पकड़ लिया। यहां बस कंडक्टर, यात्रियों, और युवको के बीच हाथापाई भी हुई है। जिसमें गोलू को चोट आई है।

### फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बैतूल।** जिले में खरीफ मौसम 2025 में फसलों का फसल बीमा 1 जुलाई से प्रारंभ है। जिसके क्रियान्वयन के लिए जिले की सभी तहसीलों में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर फसल बीमा पाठशाला का आयोजन कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल बीमा करवा कर जोखिमों एवं फसल बीमा के हित लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। खरीफ में अधिसूचित फसलों के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि सोयाबीन के लिए 840 रुपए, मक्का के लिए 722 रुपए, धान सिंचित 814 रुपए, धान असिंचित 651 रुपए, अरहर 735 रूपए, ज्वार 420 रूपए और कॉटन के लिए 2206 रुपए प्रति हेक्टेयर हैं। फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। इस सीजन में किसानों ने अपने खेत में जो फसल लगाई है उसका सही बीमा करवाने के लिए 29 जुलाई से पहले बैंक में जाकर के अपनी सही फसल अपडेट करवाएं, ताकि सही फसल का बीमा ही हो सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण और आप के खेत की फसल एक होनी चाहिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने की इच्छुक अऋणी किसान अपनी निकटतम बैंक शाखा, सहकारी समिति, अधिकृत चैनल एवं जन सेवा केंद्र (सीएससी) एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जा कर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते हैं।

### शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान

# जर्जर भवन में संचालित हो रही आंगनबाड़ी



**भैंसदेही।** बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही पोषण देने के लिए शहर में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित किये जा रहे है। लेकिन इन आंगनवाड़ी केन्द्रों के रखरखाव को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर हालत में पहुंच गये है और इन्हीं जर्जर भवनों में बच्चों को बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत निपान्या की आंगनवाड़ी केन्द्र की हालत बेहद ही खराब हो गई है। जिसके संबंध में कई बार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने अधिकारियों को अवगत भी कराया, लेकिन मरम्मत के अभाव में इसी भवन में आंगनवाड़ी संचालित करनी पड़ रही है। जिसके कारण पालकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है। अभिभावकों का कहना है कि यह आंगनवाड़ी भवन काफी पुराना है। जिसके कारण इनकी दीवारे काफी कमजोर हो गई है। जगह-जगह से दीवार का प्लास्टर भी झड़ रहा है। ऐसे में कभी भी यह भवन हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत या इसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे अभिभावकों में भी नाराजगी बनी हुई है।

#### दिखवाते हैं

हमने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को आदेश कर दिये हैं कि जो भी आंगनवाड़ी क्रेन्द्र क्षतिग्रस्त है वहा आंगनवाड़ी संचालित किसी के भी यहा किराये से मकान लेकर संचालित किये जाये फिर भी अगर क्षतिग्रस्त भवन मे संचालित हो रहे तो दिखवाते है।

**- उषा मसीह,**
परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास भैसदेही

### राजपूत समाज ने हरदा घटना को लेकर सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन



**भैंसदेही।** हरदा में घटित हुई घटना को लेकर राजपूत समाज भैंसदेही के सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी शैलेन्द्र हनोतिया को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हरदा मुख्यालय पर महाराणा प्रताप छात्रावास में म.प्र. पुलिस द्वारा छात्रावास में प्रवेश कर छात्रो एवं छात्राओं को एवं उपस्थित राजपुत समाज के गणमान्य व्यक्तियों को बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कर घायल कर दिया। राजपूत समाज एवं करणी सेना तथा अन्य सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता, प्रदेश अध्यक्ष जीवनसिंह सहित सभी को बर्बरता पूर्वक लीठियों से पीटा गया। पुलिस द्वारा छात्राओं के साथ भी लाठियों मारकर घायल किया गया। भैंसदेही तहसील के सर्व समाज राजपूत परिवार के सदस्य शासन प्रशासन के इन कृत्य की भत्र्सना करते है एवं चेतावनी देते है कि समाज के गिरफ्तार सदस्यों को बिना शर्त रिहा किया जायें। जिस व्यापारी द्वारा 420 का कृत्य किया गया है, उसे रिमांड पर लेकर और कितने व्यक्तियों के साथ घोखाधड़ी की गई है जॉच कि जायें। हरदा कि घटना का समाधान न होने पर शांतिपूर्ण ढंग से चक्काजाम एवं भैंसदेही बन्द किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में राजपूत समाज के राजा ठाकुर, अनिल सिंह ठाकुर, अजय कौशिक, देवीसिंह ठाकुर, राकेश ठाकुर, शिव ठाकुर, रानू ठाकुर, रविन्द्र ठाकुर, दिलीप बघेल, बबलू ठाकुर आदि रहे शामिल।

### 'बेटियों को दें शिक्षा वो देश का नाम करेंगे रोशन'

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर कार्यक्रम आयोजित, बालिकाओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत महिला एवं बाल विकास परियोजना भैंसदेही अंतर्गत सेक्टर सावनर्मदा में की गई। जिसमें बालिकाओं की प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि कैलाश शिवहरे (भाजपा मंडल संयोजक जिला प्रतिनिधि) के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भैंसदेही परियोजना अधिकारी श्रीमती उथा मसीह के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पंच के रूप में श्रीमती रजनी शिवहरे एवं छोटू पन्द्राम के साथ अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थति थे। प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में परियोजना अधिकारी उषा मसीह ने विस्तार से जानकारी बालिकाओं को प्रदान की। उषा मसीह ने बालिकाजों को बताया की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। इसका नाम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ है। इसका प्राथमिक लक्ष्य घटते बान लिंग अनुपात को संबोधित करना, लिंग-पक्षपाती लिंग चयन को रोकना और देश में हर बानिका की शिक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। इसके आलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मुख्य विशेषता लड़कियों की सुरक्षा करना भूण हत्या और कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों का मुकाबला करना और महिला शिक्षा को बढ़ावा देना है।



परियोजना अधिकारी उषा मसीह ने कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं के पालकी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सुकन्या समृद्धि योजना बालिका के लिए फाइनेंशियल सुरक्षा सुनिश्चित करती है माता-पिता शिक्षा या शादी के लिए बचत करने के लिए अपनी बेटी के नाम पर अकाउंट खोल सकते हैं। बेटियों को बचाने में शिक्षा का महत्त्व अत्यधिक है, शिक्षा से बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलता है। शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है और बेटियों को उनके अधिकार मिल सकते हैं। बीसी मेडम डिलेशवरी जी द्वारा बेटी आपकी धन लक्ष्मी और विजय-लक्ष्मी है इन्हें स्नेह दे। पढ़ाये, शिक्षा दे ताकि बेटिया देश का अपने माता पिता का, अपने शहर का नाम रोशन कर सके।

### ईकेवायसी नहीं कराई तो नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर

# जिले में 3 लाख 48 हजार गैस उपभोक्ता लगभग 2 लाख ने ही कराई ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

2024 से पेट्रोलियम मंत्रालय ने एलपीजी उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि उपभोक्ता की सही पहचान करने के साथ गैस वितरण प्रणाली को प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके और गैस सिलेंडर पर दी जा रही सब्सिडी पात्र उपभोक्ता तक पहुंचे। लेकिन अभी तक जिले के सिर्फ 60 फीसदी यानि करीब दो लाख गैस उपभोक्ताओं ने ही ई -केवायसी कराई है, शेष उपभोक्ताओं की ई-केवायसी करना शेष है। ऐसे में अगर इन गैस उपभोक्ताओं ने समय रहते ई-केवायसी नहीं कराई तो गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने से वंचित होना पड़ सकता है। बता दे कि जिले में 3 लाख 48 हजार गैस कनेक्शनधारी हैं। जिसमें से अब तक 60 फीसदी उपभोक्ता ई-केवाईसी करवा चुके हैं। शेष 48 फीसदी उपभोक्ताओं ने अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी नहीं करवाई तो उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी बंद हो सकती हैं। इतना ही नहीं उपभोक्ता का कनेक्शन ब्लॉक भी हो सकता है। इन परेशानियों से बचने के लिए निर्धारित अवधि में उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है।

#### गैस गाड़ी पर भी करा सकते है केवायसी

गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराने के लिए कई ऑप्शन दिये है। उपभोक्ता गैस एजेंसी पर पहुंचकर ई-केवायसी करा सकते है। इसके अलावा गैस गाडियों पर भी ई-केवायसी करने का काम किया जा रहा है। गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि गैस उपभोक्ता, जिन्होंने ईकेवायसी नहीं कराई है, वह गैस गाडियों पर भी ई-केवायसी करा सकते है। जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराई है, वह गैस लेते समय आवश्यक दस्तावेज साथ में रखकर गैस गाड़ी पर मौजूद कर्मचारियों के माध्यम से ई-केवायसी करवा सकते है। इसके अलावा जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराई है, एजेंसी कर्मचारी उनके घर तक पहुंच रहे हैं। इसके लिए गैस एजेंसी संचालकों ने कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर ई केवाईसी करने की जानकारी दी है।



#### उपभोक्ता स्वयं भी कर सकते है ई-केवायसी

भारत सरकार मिनिस्ट्री आफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के निर्देश पर डीबीटी (डायरेक्ट बैनिफिट ट्रांसफर) गैस सब्सिडी के उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य किया है। इसके लिए उपभोक्ता को अपनी गैस एजेंसी पर जाकर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा। एलपीजी गैस वितरक ने बताया कि अगर किसी गैस कनेक्शनधारी की मृत्यु हो गई है तो कनेक्शन परिवार के किसी व्यक्ति के नाम ट्रांसफर करवाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता अपने मोबाइल में इंडियन ऑयल वन एवं एप डाउनलोड कर गैस कनेक्शन पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉगइन कर ई-केवाईसी कर सकता है।

#### 2 लाख 10 हजार उज्जवला कनेक्शन

जिले में करीब 3 लाख 48 हजार गैस कनेक्शनधारी है। जिसमें से करीब 2 लाख 10 हजार गैस कनेक्शन उज्जवल योजना के तहत वितरित किये गये है, वहीं शेष 1 लाख 38 हजार गैस कनेक्शन नॉन उज्जवल के है। बता दे कि बैतूल शहर और आसपास क्षेत्रों में तीन गैस एजेंसियां संचालित है। जिसमें इंडियन गैस, भारत गैस और एचपी गैस एजेंसी है। इन तीनों गैस एजेसियों के पास हजारों उपभोक्ता है, जिन्हें गैस एजेसिंया गैस सिलेंडर वितरित करती है। इन गैस एजेंसियों के कर्मचारियों द्वारा एजेंसी और घरों पर पहुंचकर ई-केवायसी की जा रही है।

#### काम जारी है

जिले में 60 फीसदी के करीब गैस उपभोक्ताओं ने ई-केवायसी करा ली है। शेष उपभोक्ताओं की ई-केवायसी करने का काम भी जारी है।

**- कृष्ण कुमार टेकाम,** जिला खाद्य अधिकारी, बैतूल

### एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशिक्षण की शुरूआत

# मतदाता शुद्धिकरण के लिए बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**भैंसदेही।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रंखला में विधानसभा भैंसदेही के बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 14 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शैलेन्द्र कुमार हनोतिया ने की, वहीं सहायक निर्वाचन अधिकारी भगवानदास कुमरे भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर संदीप राठौर, योगेश टिटारिया, जगदीश जितपुरे, नामदेव वागद्रे, सुरेश झाड़े, श्याम कुमार डोंगरे, विश्वनाथ शुक्ला द्वारा बीएलओ अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, पहचान पत्र सत्यापन, नए मतदाता जोडऩे, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में डिजिटल स्लाइड्स के माध्यम से बी.एल.ओ. पहचान फॉर्म, कार्य क्षेत्र की जिम्मेदारियाँ, मोबाइल ऐप के उपयोग और मतदाता जागरूकता अभियान की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने अपने सवाल भी पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न पंचायतों और वार्डों से आए बीएलओ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को पूरी तरह प्रशिक्षित करना है। अंत में, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार हनोतिया ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे अपने कार्य को निष्ठा और जिम्मेदारी से करें ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत बन सके।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## नागपंचमी को लेकर चौरसिया समाज की बैठक संपन्न

**सोहागपुर।** सोहागपुर चौरसिया समाज द्वारा प्रतिवर्ष नागपंचमी पर्व पर विविध आयोजन किये जाते हैं। इस वर्ष भी भव्य रूप में नागपंचमी उत्सव पर आयोजन किये जाएंगे। कार्यक्रमों के निर्धारण को लेकर रविवार रात सोहागपुर चौरसिया समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। नगर के जवाहर वार्ड में सामाजिक कार्यकर्ता शरद चौरसिया के निवास पर की गई बैठक में समाज के वरिष्ठजन उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया है कि 29 जुलाई को नागपंचमी पर्व पर नागदेव प्रतिमा का पूजन कार्यक्रम जवाहर वार्ड स्थित शंकर मंदिर परिसर में किया जाएगा। सभी स्वजातीय बंधु नागबेल की पूजन पर्व दिवस की सुबह परंपरानुसार विधि विधान बरेजे में करेंगे। इस वर्ष सोहागपुर चौरसिया समाज द्वारा शोभायात्रा नहीं निकालने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया है। बैठक में समाज के वरिष्ठ चंद्रकांत चौरसिया, रामस्वरूप चौरसिया, दिनेश चौरसिया, तेजराम चौरसिया, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया, पटेल अरुण चौरसिया, लखन लाल, शिवम, प्रतीक, नीरज, निखिल, दीपक, गोलू, सप्पी, अमित, स्वनिल चौरसिया आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### डीआरएम के नाम सौंपा मांगपत्र

# जन कल्याण समिति की रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं को बढ़ाने की मांग

नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की मांग की है। इस आशय का ज्ञापन सोमवार शाम समिति ने जबलपुर रेल मंडल डीआरएम के नाम स्टेशन अधीक्षक को सौंपा है। वहीं ट्रेनों के स्टापेज भी बढ़ाए जाने की बात कही। सदस्यों ने बताया कि स्टेशन पर कोई भी सुविधा नहीं है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जन कल्याण समिति सोहागपुर ने नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की मांग की है। इस आशय का ज्ञापन सोमवार शाम समिति ने जबलपुर रेल मंडल डीआरएम के नाम स्टेशन अधीक्षक को सौंपा है।

हरिभूमि से चर्चा में जन कल्याण समिति अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल ने बताया कि सोहागपुर में वर्षों से पैसेंजर ट्रेन बंद है। जबलपुर से इटारसी की ओर सुबह 9:20 बजे प्रयागराज व इटारसी से जबलपुर की ओर सुबह 5:25 बजे मेमो ट्रेनों के बाद कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं है। इससे छोटे स्टेशनों की रेल यात्रा सुविधा यात्रियों के लिए नहीं है। कटनी-भुसावल पैसेंजर ट्रेन सोनतलाई व गुर्रा स्टेशन पर देर तक रोकने से यात्री परेशान होते हैं। जनता एक्सप्रेस डाउन का स्टॉपेज पूर्व समयानुसार प्रतिदिन दोपहर में करने की मांग भी की गई है। आवेदन की प्रतियां सांसद, सोहागपुर विधायक, कलेक्टर, एसडीएम, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अधिकारियों को भी भेजी जाएंगी। आवेदन सौंपने के दौरान राम निरंजन जायसवाल, पार्षद धर्मदास बेलवंशी, राहुल धौलपुरिया व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### ये मांगें भी हैं शामिल

ज्ञापन में कुछ मांगें शामिल हैं। जिनमें सोहागपुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म क्रमांक दो की ऊंचाई बढ़ाने, दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने, बीना व अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज का समय बढ़ाने तथा दोनों प्लेटफार्म शेड्स की लंबाई बढ़ाने की भी मांग शामिल हैं। नगर सोहागपुर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण की मांग भी की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सोहागपुर से 20 किमी दूर स्थित विश्व प्रसिद्ध टूरिज्म जोन मढ़ई में हजारों पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं। अतः सोहागपुर में ताप्ती गंगा, ओवरनाइट, इंटरसिटी तथा संघमित्रा एक्सप्रेस सहित बेंगलुरु व पुणे की ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग भी की गई है। मढ़ई आने वाले पर्यटक नर्मदापुरम, पिपरिया व इटारसी रेलवे स्टेशनों तक आते-जाते हैं। जबकि मढ़ई का समीपस्थ रेलवे स्टेशन सोहागपुर है।

## मूंग तुलाई शुरू नहीं होने पर किसानों ने किया हाईवे जाम

### प्रशासन के दखल उपरांत माने किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर-पिपरिया मार्ग पर ग्राम अकोला के समीप नर्मदा वेयरहाउस में मूंग तुलाई शुरू नहीं होने पर सोमवार को किसान स्टेट हाईवे पर बैठ गए। चक्काजाम के हालात बनने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा समझाइश पर किसान माने व मूंग धुलाई शुरू हुई।

किसानों का कहना था कि वे चार दिन से नर्मदा वेयरहाउस पर मूंग तुलाई के लिए बैठे हैं। लेकिन वेयरहाउस प्रबंधन द्वारा छन्ना लगाने की बात कहते हुए तुलाई नहीं की जा रही थी। जिसके चलते किसान सोमवार दोपहर वेयरहाउस के सामने स्टेट हाईवे पर बैठ गए। सूचना मिलने पर सोहागपुर एसडीएम अनिल जैन व तहसीलदार आरके झरबड़े पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाया व वेयरहाउस प्रबंधन को बुलाया। वेयरहाउस प्रबंधन का कहना था कि उपज में छन्ना नहीं लगा है, जिसके कारण उपज नॉन एफएक्यू घोषित हो जाएगी। अतः छन्ना लगाने की बात कहना गलत कैसे हो गया। वहीं किसानों का कहना था कि जब चार दिन से वे उपज लेकर वेयरहाउस में बैठे हैं, तो पहले ही उपज में छन्ना लगाने का संदेश क्यों नहीं दिया गया।

## 5 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा जपं का नवीन भवन

### विधायक के प्रयास से मिली स्वीकृति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

जनपद पंचायत की अध्यक्ष सावित्रीबाई परिनामें उपाध्यक्ष लालचंद यादव एवं सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह से जनपद पंचायत नवीन भवन की मांग की थी जिस पर विधायक विजयपाल सिंह ने गंभीरता से प्रयास किए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जनपद पंचायत के नवीन भवन के लिए 5,26.67 लाख की राशि स्वीकृत कराई है नए भवन की स्वीकृति की सौगात मिलने पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने विधायक विजयपाल सिंह का आभार व्यक्त किया है जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद जल्द ही जनपद पंचायत के नवीन भवन का निर्माण होगा।

## 24 वर्षों से वेयरहाउस में रखा है हजारों टन सुपर फास्फेट, नहीं किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



कृषि उपज मंडी कार्यालय के द्वारा वर्ष 2020 तक खाद आदि का वितरण कियाजाता था। लेकिन वर्ष 2021 से खादपाउडर का वितरण डबललॉक एवं एमपी एग्रो के माध्यम से किया जा रहा है। वर्ष 2021 से कृषि उपज मंडी सचिव के द्वारा खाद्य वितरण का कार्य एमपी एग्रोप्रबंधक को सौंप दिया गयाथा। लेकिन एमपी एग्रो के वेयरहाउस कृषि उपज मंडी के पास के परिसर में वेयरहाउसमे लगभग 24 वर्षों से सुपर फास्फेट एवं जिंक रखा हुआ है। जो पूरी तरह से नष्टहोचुका है। उसे हटायाभीनहीं जा रहा नाहीनष्ट कियाजा रहाहै। उसके ही बाजूमें यूरिया डीएपी एवं अन्य खाद पाउडर भी रखा जा रहाहै। जिस पर दुष्प्रभाव होने की संभावना प्रतीत हो रही है। मौके पर पाया गया कि सैकड़ो सुपर फास्फेट एमपी एग्रो के वेयरहाउसमे रखाहुआहै। उसी के पीछे जिंक भी रखा हुआ है इस बारे में एमपी एग्रो के प्रबंधक बाबूलाल अहिरवार से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बारे में विशेष जानकारी नहींहै। लेकिन इतना मालूम है कि इसका मामला उच्च न्यायलय में चल रहाहै। यह कृषि उपज मंडी कामामला है। कृषि उपज मंडी के सहायक संचालक चंद्र शिवराम उइके शे चर्चा की गई उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड का माल है मंडी द्वारा वर्ष 2021मे एमपी एग्रोकोयह सुपर फास्फेट एवं जिंक सौप दिया था। तब से अभी तक रखाहुआ है। लेकिन मामला एमपी मंडी बोर्डएव एमपी एग्रो का है जो न्यायालय मेंबेचाराधीन है। उसेखाद को यथावत रखनाके न्यायालय से आदेश प्राप्त हुए थे। तभी सेवैसे ही रखा हुआ है। इस तरह से शासन का करोड़ों रुपया कर्मचारीके द्वारा बर्बादकिया जा रहै। सैकड़ो टनखाद सड़ने के बादभी रखाहै। अतःशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए कृषि उपज मंडी के प्रशासक एवंअनु विभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञानमे नहीं आया है वह मामले की जांच की जाएगी।

## राष्ट्रीय व प्रादेशिक पदाधिकारी का महिला मंडल ने किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष नीरू राठी ने बताया कि सीताराम मंदिर में माहेश्वरी महिला मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया बैठक में शामिल होने आए अतिथियों में माहेश्वरी महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ अखिल भारतीय संयुक्त मंत्री अनीता जावंधीया प्रदेश अध्यक्ष रंजना बाहेती प्रदेश सचिव राजश्री राठी संभागीय संयुक्त मंत्री कविता चांडक उपाध्यक्ष नर्मदा पूरम संभाग शिखा जावंधिया जिला संयोजिका सुनीता सारडा उपस्थित थीं इस अवसर पर सभी अतिथियों को पौधा भेंट करके एवं श्याम दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष नीरू राठी ने बताया सावन के महीने में हरियाली का प्रतीक रखते हुए सभी अतिथियो को पौधे भेंट करके अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया महेश वन्दना की गई इस अवसर पर बैठक में विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई।

## लायंस क्लब माखन नगर का संस्थापन कार्यक्रम संपन्न

**माखन नगर।** इंटरनेशनल लायंस क्लब माखन नगर का संस्थापन कार्यक्रम साईं कृष्णा रिसोर्ट इटारसी में हुआ संपन्न जिसमें ला राजेंद्र सिंह राजपुत अध्यक्ष ला राजेश मीणा को उपाध्यक्ष ला मोहित चौहान को सचिव ला आनंद राठौड़ जी को कोषाध्यक्ष बनाया गया संस्थापन कराने आए विशेष अतिथि ला अनिल कुमार झा ओर ला आकाश बरेले जॉन चेयर मेन ला आकाश तिवारी सांसद प्रतिनिधि द्वारा कराया गया जिनसे माखन नगर लायंस क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे सभी अतिथियों का तिलक पुष्प से स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन ला सुरेश अग्रवाल जी द्वारा कार्यक्रम के ध्वज वंदना सतीश साहू द्वारा किया गया अतिथियों का जीवन परिचय अजीत सेठी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार लायंस इंदर सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

## विधायक डॉ शर्मा ने कहा छह माह में बनाएंगे नया मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

जयस्तंभ के पास स्थित मार्केट की जर्जर हालत का निरीक्षण करने सोमवार को विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पहुंचे। एक दिन पूर्व यहां एक दुकान में छत का प्लास्टर गिरने से एक युवा व्यापारी घायल हो गये थे। उनके सिर में टांके लगे हैं, हाथ, पैर, पीठ में भी चोट आयी है।

आज निरीक्षण करके दोनों जन प्रतिनिधियों ने व्यापारियों से बातचीत की है। अभी विश्राम गृह में यहां के व्यापारियों से व्यापक चर्चा करके अगला प्लान बनाया जाएगा। मौके पर ही मीडिया से चर्चा में विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि कल की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, अब ऐसी घटना न हो, इसके लिए त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं, मार्केट जर्जर हाल में है, न सिर्फ दुकानदार बल्कि राहगीर और ग्राहकों के लिए भी खतरनाक है, बातचीत की जा रही है, नया मार्केट बनायेंगे, तब तक दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। छह माह में नयी दुकानें बनेंगी, जो जहां है उनको वहीं दुकान दी जाएगी, रविशंकर शुक्ल मार्केट भी जर्जर है, वहां के व्यापारियों से भी आगामी समय में चर्चा करके उस पर भी निर्णय करके सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि कल की दुर्घटना के बाद आज विधायक जी के साथ निरीक्षण किया है। व्यापारियों से चर्चा की जा रही है।

## ब्राह्मण समाज को संगठित करें, हर परिवार के सुख-दुख में खड़े रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




रविवार को सुहाग मैरिज हाल में जिला परशुराम सेना एवं नगर इटारसी परशुराम सेवा डायल 100 की संभागीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिलों के सभी प्रमुख जन एवं परशुराम सेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने हिस्सा लिया। समारोह में प्रमुख रूप से ब्राह्मण समाज की योजनाओं को गति देने, संगठन विस्तार, समाज को एकजुट कर अपने हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने समेत अन्य सामाजिक बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट मार्गदर्शक विधायक डा. सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष परशुराम कल्याण बोर्ड विष्णु राजोरिया, संरक्षक परशुराम सेना एवं संभागीय बैठक प्रभारी राकेश चतुर्वेदी, संभागीय अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज हेमंत शुक्ला मधु भैया मौजूद रहे। सेना संरक्षक एवं जिला सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जितेन्द्र ओझा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंच पर मुकेश चतुर्वेदी प्रदेश संयोजक परशुराम सेना, प्रेम गुरू कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, सुधीर शर्मा संरक्षक एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, हरदा, नर्मदा प्रसाद भार्गव संरक्षक परशुराम सेना गुना, दीपक शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता, अजय मिश्रा प्रदेश महामंत्री, सुनील उपाध्याय प्रदेश महामंत्री, चेतन भार्गव संगठन महामंत्री, रवि तिवारी संभागीय महामंत्री मौजूद रहे। परशुराम सेना जिलाध्यक्ष प्रकाश दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना होगा, हमें अपने अधिकारों की रक्षा एवं वर्चस्व के लिए एक सूत्र में बंधकर रहने की आवश्यकता है। खासतौर पर युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों, अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रहना होगा, सामाजिक एकजुटता से समाज का हर परिवार एक डोर में बांधा जा सकता है, हम पूरे समाज के दुख-सुख में मिलकर खड़े हो सकते हैं, यही एकता हमें मजबूत करेगी। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज नर्मदापुरम एवं सर्व ब्राह्मण समाज परशुराम सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील बाजपेई, तहसील अध्यक्ष अशोक दुबे, परशुराम सेना जिला अध्यक्ष प्रकाश दुबे, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, जिला सचिव सर्वेश शर्मा, नगराध्यक्ष मनोज शर्मा ,दीपक श्रोती, आलोक तिवारी, आलोक दीक्षित, अनिरुद्ध चंसोरिया, कमल लाटा एवं परशुराम सेना के नवनियुक्त सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान परशुराम जी का पूजन अतिथियों ने किया।

## जगह-जगह हुआ भोलेनाथ का अभिषेक और पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



पवित्र श्रावण माह के पहले सोमवार नगर के शिवालय में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार किया पूजन कर अभिषेक किया गया (कहीं सामूहिक पूजन किया तो कहीं श्रद्धालुओं ने अपने मिट्टी के शंकर जी बनाकर अभिषेक किया सुबह से ही श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पंडित शिवम दुबे ने कहा श्रावण माह में व्रत और अभिषेक करने से व्यक्ति को विशेष फल प्राप्त होता है अभिषेक और पूजन व्यक्ति को नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से बचाता हैं रोगो से मुक्ति दिलाने में सहायक है सुख समृद्धि और मानसिक शांति मिलती है भय रोग और दोषों से व्यक्ति को मुक्ति मिलती है।

### श्रावण मास के प्रथम सोमवार भक्तों ने किए महाभिषेक, मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

# शिवमय हुआ नर्मदांचल, हर-हर महादेव के गूंजते रहे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



सिवनी मालवा के स्थानीय बलराम पटेल कॉलोनी में नमामि पाराशर के निवास पर मिट्टी के शिवलिंग एवं शिव परिवार का निर्माण कर उनका दुग्धाभिषेक, पंचामृताभिषेक पंडित अरुण शर्मा ने पूरे विधि विधान से संपन्न कराया अभिषेक उपरांत भगवान भोले नाथ एवं शिव परिवार का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिनके दर्शन का लाभ कॉलोनी की सभी महिलाओं एवं बच्चों ने प्राप्त किया।


इसके पश्चात मनोहारी भजनों से शिव भक्ति का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो कई घंटों तक चलता रहा इस अवसर पर कृष्णा सोनी, रानी वर्मा, रमा रघुवंशी, अनुसुइया राजपूत, रीना यादव, कीर्ति यादव,विनीता रघुवंशी आदि महिलाओं ने भी भगवान भोलानाथ का सामूहिक रूप से अभिषेक कर एवं भजनों के द्वारा भगवान को मनाया।

### प्रथम श्रावण सोमवार पर किया शिवलिंग का विविध द्रव्यों से अभिषेक

**सोहागपुर।** प्रथम श्रावण सोमवार पर स्थानीय शिव मंदिरों में सुबह से ही शिवभक्तों की काफी भीड़ रही। नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव पार्वती पाषाण प्रतिमा मंदिर में शिवाभिषेक के लिए सुबह चार बजे से शिवभक्त पहुंचे। इस दौरान शिवभक्तों ने विविध दिव्य द्रव्यों सहित जल से शिवलिंग का अभिषेक किया। दिनभर शिवाभिषेक का क्रम जारी रहा। वहीं शिवभक्तों ने अपने घरों में महादेव का अभिषेक किया, इससे पहले भक्तों ने शिवलिंग के मिट्टी एकत्रित की तथा मिट्टी से शिवलिंग बनाए एवं बिल्व पत्र, पुष्प, धतूरा, भांग, पंच गव्य इत्यादि से महादेव का अभिषेक कर दरिद्र नारायणों को दान दक्षिणा भेंट की।



### शिवालयों में लगी भक्तों की भीड़



**पिपरिया।** श्रावण मास भक्ति ज्ञान और आत्म शुद्धि का काल है। भारतीय पंचांग का श्रवणमास वर्षा ऋतु का यह पावन काल है। जब प्रकृति मनोरात्मा तीनों एक आदर्श संवाद में बद्ध हैंतब महीने आदि देव महादेव की विशेष आराधना केलिए मानाजाता है। प्रतिवर्ष श्रावणमे सोमवार व्रत रुद्राभिषेक कावड़ यात्रा शिवलिंग पर जल अर्पण की परंपरा करोड़ों श्रद्धालुओं कोजोडती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यही वह समय था जब समुद्र मंथन से निकले विश्व को भगवान शिवने अपने कंठमे धारण धारण किया था इसी कारण उन्हें नीलकंठ कहाजाता है। व्रत उपवास संयम का यह मास शरीर को विश्राम देता है पाचनतंत्र को संतुलित करताहै तथामन को साधना के लिए तैयार करता है। श्रावण मास में रुद्राभिषेक से भगवानशिव का अभिषेक विभिन्न वस्तुओंसे किया जाता है जो शास्त्रों में वर्णित है जल कच्चा दूध शांति और समृद्धि प्रदान करतादही सेअभिषेकसे स्वास्थ्य और दीर्घायु प्राप्त होती है। घी से अभिषेक करने से धन-धन ईश्वर की प्राप्ति होती है। शहर से अभिषेक करनेसे मधुरता सुख समृद्धिमिलती है। शक्कर के अभिषेक सुख और वैभवमिलता है। गन्ने के रस से अभिषेक करने से समृद्धि की प्राप्ति होती है बिल्वपत्र के रस से अभिषेक करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## श्रावण माह के स्वागत में किया गीत संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

देनवा म्यूजिकल ग्रुप सोहागपुर द्वारा श्रावण मास के स्वागत में रविवार रात देनवा लॉज परिसर में गीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कराओके ट्रैक पर स्थानीय गायकों ने श्रावण मास की बारिश पर आधारित गीतों सहित अन्य गीत प्रस्तुत किये। देनवा म्यूजिकल ग्रुप संयोजक अभय खंडेलवाल ने बताया कि इस दौरान गायकों ने कर्णप्रिय कराओके गीतों की प्रस्तुति दी। रात्रि आठ बजे प्रारंभ हुआ आयोजन रात 11 बजे सहभोज के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान अभय खंडेलवाल, धनराज तिवारी, सुब्रत ढाली, वीरेंद्र दुबे, दीपक यशवंत साहू, अमित बिल्लौरे आदि ने गीतों की प्रस्तुति दी। श्रोताओं के रूप में संजय खंडेलवाल, अभिनय सोनी, कीर्ति दुबे, संतोष रघुवंशी, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, अरविंद चौरसिया, मुन्ना मालवीय आदि माजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### छिदगांव मेल से टिमरनी के बस स्टैंड तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**हरदा।** तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी टिमरनी ने नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर टिमरनी में रेल्वे क्रासिंग क्रमांक 208 पर रेल्वे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के लिये छिदगांव मेल से टिमरनी नगर कृष्ण मेडिकल वाले मकान से आगे बस स्टेण्ड स्थान तक वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश अनुसार छिदगांव मेल से आने वाले वाहन छिदगांव मेल टिमरनी सड़क तथा हीरो शोरूम से श्रीकृष्ण मेडिकल वाले मकान के सामने से कुशवाह कॉलोनी नहर की सीमा से होते हुए तवा कॉलोनी के पीछे से मुख्य सड़क टिमरनी सोडलपुर पुराना एनएच पर आयेंगे। इसी प्रकार टिमरनी नगर में जाने वाले वाहन तवा कॉलोनी के पीछे माधव कॉलोनी के सामने स्थित नहर के किनारे से कुशवाह कॉलोनी होते हुए छिदगांव मेल टिमरनी सड़क पर आवागमन करेंगे। यह आदेश 10 सितम्बर तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन धारा 233 भारतीय दण्ड विधान के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

### ई-अटेंडेंस के विरोध में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर मध्य प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ रविवार को सीहोर जिले में भी आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा ई-अटेंडेंस के विरोध में रैली निकालकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन विजय सिंह एसएलआर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहां गया है कि शिक्षकों को दोषपूर्ण ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू न की जाए। जिन जिलों में यह व्यवस्था लागू की गई है, उसे तत्काल समाप्त कर दी जाए। जो अटेंडेंस व्यवस्था मध्यप्रदेश के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू है वही अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों पर भी लागू किया रखी जाए। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी केंद्र के समान अन्य कर्मचारियों की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ की गणना करके पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जावे। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति और लंबित क्रमोन्ति के आदेश शीघ्र जारी किए जावे एवं एरियस की राशि का भुगतान किया जावे। जनजाति कार्य विभाग के में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संघ और स्कूल को शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति के नियमों को शिथिल का शत-प्रतिशत दिवंगत अध्यापक शिक्षक संघ का सिर्फ परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जावे। संभागीय प्रवक्ता योगिता लोधी, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष शिवनारायण गौर, संभागीय उपाध्यक्ष लखन सिंह मालवीय आदि मौजूद रहे।

### रविवार को प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए थे करणी सेना के कार्यकर्ता

# गिरफ्तार सभी 61 लोगों को किया रिहा, प्रबंधात्मक धारा भी हटाई

### शनिवार को गिरफ्तार 4 लोग अभी भी जेल में रहेंगे, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बेटे जयवर्धन सिंह के साथ हरदा आए







हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा में रविवार को प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए 61 लोगों को रिहा कर दिया गया। इसकी शुरुआत सुबह सवा 7 बजे करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर, कृष्णा अजय पाल, राहुल पिता भारत और नेपाल पिता विक्रम सिंह को कर की गई। जीवन सिंह को सशर्त रिहा किया गया। रिहाई एसडीएम कुमार शानू देवड़िया की मौजूदगी में हुई। दोपहर में अलग अलग समय पर कुल 57 लोगों को रिहा किया गया। उधर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सोमवार को विधायक जयवर्धन सिंह के साथ हरदा पहुंचे और राजपूत समाज के लोगों से मिलकर चर्चा की। शनिवार और रविवार को हुए घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच होना चाहिए और हरदा एसपी और कलेक्टर को हटाना चाहिए। जानकारी के अनुसार प्रशासन ने जीवन सिंह शेरपुर को जिला सीमा से बाहर छोड़ा है। उनसे लिखित में लिया गया है कि वे हरदा में किसी भी तरह के आंदोलन या प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। रिहाई के बाद करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने एक वीडियो जारी करके कहा कि अभी कोई साथी हरदा न आए। आंदोलन जारी रहेगा, लेकिन तारीख नई तय करेंगे।

उधर सोमवार को कलेक्टर ने वो प्रतिबंधात्मक आदेश निरस्त कर दिया जो रविवार को जारी किया था। हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। इसके फलस्वरूप, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 अर्थात पूर्व सीआरपीसी की धारा 144 के तहत एक जगह पर व्यक्तियों के एकत्रित होने पर लगाया गया प्रतिबंधात्मक आदेश निरस्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के उद्देश्य से, 13 जुलाई, 2025 को सड़क मार्ग अवरुद्ध करने वाले व्यक्ति, जिन्हें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया था, अब रिहा किए गए।

### अधिकारियों को हटाकर घटना की न्यायिक जांच होना चाहिए



सोमवार को दोपहर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हरदा पहुंचे और राजपूत छात्रावास पहुंचे और समाज के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। इस दौरान मीडिया से कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को हटाकर घटना की न्यायिक जांच होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हरदा पुलिस ने राजपूत समाज के लोगो से नाम पूछा, जिसका नाम के आगे सिंह लगा था उसे पीटा गया है। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर को होटल से धरनास्थल पर बुलाकर मारपीट की है। इस पूरे मामले में दोनों दिनों के फुटेज के आधार पर किसी रिटायर्ड जज से न्यायायिक जांच कराने की मांग की है। कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, एसडीपीओ को हटाना चाहिए क्योंकि उनके यहां पर रहते निष्पक्ष जांच नही होती। उन्होंने कहा कि पुलिस ने निर्दोषों पर बर्बरता की है, जिसकी वह निंदा करते हैं।

**ऐसी बर्बरता कभी नहीं देखी:** इस दौरान समाज एक सम्भागीय अध्यक्ष बद्री पटेल, अजपसिंह राजपूत, वंदित सिंह राजपूत ने अपनी बात रखी। तीनों वक्ताओं ने दो दिन शनिवार और रविवार के घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद विधायक आरके दोगने ने भी कहा कि पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई निंदनीय है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

**नुकसान की भरपाई सरकार करें:** टिमरनी विधायक अभिजीत शाह ने कहा कि जिन अधिकारियों के कहने पर पुलिस ने लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की है। उसकी भरपाई शासन को करना चाहिए या जिम्मेदारों लोगों से करवाएं। और कोई नहीं करें तो कलेक्टर और एसपी की सैलरी से काटकर की जाए। यहां किसानों और व्यापारियों के बेटों को बेरहमी से मारकर उनके वाहनों में तोड़-फोड़ हुई है। विधायक ने कहा कि वह यह मुद्दा विधानसभा में उठाएंगे और दोषियों को बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

### पुलिस अधिकारी ने विधायक का हाथ पकड़ा



दिग्विजय सिंह जब कलेक्टर आफिस ज्ञापन देने गए तब विधायक अभीजीत शाह को अंदर जाते वक्त पुलिसकर्मी पहचान नहीं पाए। कलेक्ट्रेट गेट में अंदर आने के दौरान टिमरनी विधायक अभिजीत शाह की एक पुलिस अधिकारी से बहस हुई। विधायक शाह बोले मुझे भी राजपूत समझकर अंदर नही आने दिया जा रहा था। हालांकि बाद में पुलिस अधिकारी ने माफी मांग ली।

### दाल में इल्लियां निकली थीं

## भोजन की कलेक्टर से शिकायत करने छात्राएं पैदल चल पड़ीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम आभापुरी की छात्राएं सोमवार को कलेक्टर भव्या मित्तल से मिलने के लिए पैदल ही निकल पड़ी। उन्हें पिछले चार-पांच दिनों से गुणवत्ता-विहीन भोजन मिल रहा था और दाल में इल्लियाँ थी, जिससे कुछ छात्राएं बीमार हो गई थी। सहायक आयुक्त ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर भीकनगांव बीईओ कार्यालय अटैच कर दिया है। सभी छात्राएं एक साथ कतारबद्ध होकर शिवना मार्ग से खरगोन की ओर रवाना हो गई तो कस्बे में आश्चर्य मिश्रित प्रतिक्रियाएं होने लगी प्रस्थित हो गई, लेकिन कोई कुछ समझ ही नहीं पा रहा था। इस दौरान छात्राएं करीब दो किमी दूर शिवना रोड पर पहुँच गई थी और उनके कदम निरंतर आगे बढ़ रहे थे। वे अधीक्षक संगीता जायसवाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रही थी। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई।

#### अधिकारियों की समझाइश पर लौटी छात्राएं

सूचना मिलते ही तत्काल ही अधिकारीगण वहां पहुँच गए। इन अधिकारियों में सहायक आयुक्त खरगोन इकबाल, एसडीएम भीकनगांव आकाँक्षा अग्रवाल, तहसीलदार मुन्ना अड़ और विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रभात परमार्थी प्रमुख हैं। उन्होंने छात्राओं, उनके पालकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को समझाइश दी, लेकिन वे उक्त समस्याओं के हल नहीं होने तक इसके पक्ष में नहीं थे। जब उन्होंने अधीक्षक जायसवाल को निलंबित करने और छात्राओं को संतुलित भोजन देने का आश्वासन दिया, तब ही वे माने। इसके बाद छात्राएं आश्रम लौट सकी है।

#### पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

विदित ही है कि इसके पूर्व भी ऐसी ही घटना हो चुकी है। जिसमें एकलव्य आदर्श विद्धयालय की के छात्र-छात्राएं नाराज होकर पैदल ही खरगोन की ओर रवाना हो गए थे। वे पूर्व कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा से मिलने के लिए बारदेवाला से आगे करीब 10,12 किमी तक पहुँच गए थे। वे प्राचार्य के कथित दुर्व्यहार और संतुलित भोजन नहीं मिलने से नाराज थे। कलेक्टर वर्मा ने उन्हें मार्ग में समझाइश दी, तभी वे माने थे और फिर उन्हें लौट सके।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। एप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक एप के माध्यम से ही उठा सकते हैं।

## विधायक निवास पर 21,160वें व कार्यालय पर 21,159वें शिवलिंग की स्थापना की

### संत विभु जयकृष्ण शर्मा के संकल्प की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सावन मास के पहले सोमवार पवित्र कृष्ण पक्ष के पावन अवसर पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे के निवास एवं कार्यालय पर नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना की गई। यह स्थापना संत विभु जयकृष्ण शर्मा ग्राम भड़लेन द्वारा लिए गए 51,000 शिवलिंग स्थापना संकल्प का एक हिस्सा था। सात वर्ष की उम्र के दौरान गुरु आज्ञा पाकर संत विभु जयकृष्ण शर्मा ने मां नर्मदा की परिक्रमा के दौरान यह संकल्प लिया था। अखंड भारत में 51,000 शिवलिंग स्थापित किए जाएंगे। इसी क्रम में विधायक निवास पर 21,160वां शिवलिंग तथा कार्यालय पर 21,159वां शिवलिंग स्थापित किया गया। सुबह 5:30 बजे विधिवत पूजन की शुरुआत हुई, जिसमें विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, बीजेपी नेता सतनाम सिंह होरा, दिनेश तनवे, लोकेन्द्र गोड़, अशोक पटेल, विशाल छाबड़ा, राजपाल राठौर, देवेंद्र यादव, नानूराम मांडले, बलदेव मौर्य सहित सभी ने परिवार सहित जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना की।

पूजन में जलादिवास, फलादिवास और अन्नादिवास के साथ पंचामृत सुगंधी द्रव्य पूजन में अर्पित किए गए तथा मंत्रोच्चार के साथ शिवलिंग की स्थापना की गई। इस अवसर पर सेवादास पटेल, भूपेंद्र चौहान, अनिल भगत, प्रदीप यादव मंडल अध्यक्ष, जशदीप चौरे, दीपसिंह झाला, संजय तिवारी ग्राम दोरानी समेत सभी महादेव शिवलिंग पूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संत विभु शर्मा ने कहा कि यह कार्य एक व्यक्ति का नहीं, हम सभी का सामूहिक संकल्प है, जो नर्मदेश्वर महादेव की कृपा से पूरा हो रहा है।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश, ओंकारेश्वर में पार्किंग व किराया जांच के भी आदेश

## कार्यालयों, अस्पतालों और घरों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, निजी संस्थानों और नागरिकों के घरों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालय भवनों व कर्मचारियों के घरों में भी यह सिस्टम लगवाने की जिम्मेदारी लें। जल जीवन मिशन के तहत सभी जल स्त्रोतों के पास सोखता गड्ढा जैसी भूजल पुनर्भरण संरचना बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी शासकीय-अशासकीय अस्पतालों में तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया जाए। वेयर हाउस कॉरपोरेशन के प्रबंधक को सभी सरकारी और निजी गोदामों की छतों पर यह व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सिस्टम छत के सबसे निचले हिस्से में लगाया जाए और इसका पाइप दीवार से सटाकर लगाया जाए। सोखता गड्ढा भवन की नींव से थोड़ी दूरी पर बनाया जाए।

#### ऑटो रिक्शा की किराया दरें निर्धारित करने के आदेश

ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं से वाहन पार्किंग और ऑटो रिक्शा में अधिक किराया वसूलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को जांच कर कार्यवाही करने को कहा है। आरटीओ को मोरटक्का और सनावद से ओंकारेश्वर तक चलने वाले ऑटो रिक्शा की किराया दरें निर्धारित करने और उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने, हरसूद और किल्लौद के तहसीलदारों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने, तथा बैंक शाखा विहीन गांवों में बैंक सखी की नियुक्ति के लिए लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए गए।

बैंक सखियों को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। कलेक्टर ने नगर निकाय अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों से गणेश उत्सव व नवदुर्गा पर्व पर केवल मिट्टी की प्रतिमाएं उपयोग में लाने की सख्ती से निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही मंडी सचिव को फार्म गेट एप के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा गया।

### जागरूक रहने की समझाइश दी

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच, दी आवश्यक दवाएं



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में 14 जुलाई सोमवार को जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक तथा उपस्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों का उद्देश्य आमजन को उनके निवास के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविरों में चिकित्सा अधिकारियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मरीजों की उच्च रक्तचाप, ब्लड शुगर, दस्त रोग, निमोनिया, क्षय रोग एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं, शिशुओं, किशोरियों और वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में परिवार कल्याण से संबंधित सुविधाएं भी प्रदान की गईं। स्वास्थ्य टीम द्वारा लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी गई।

### ननि व मलेरिया विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया

# डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया से बचाव को लेकर की चर्चा

**खंडवा।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया सहित अन्य वाहक जनित बीमारियों की रोकथाम व बचाव के संबंध में सोमवार को नगर निगम झोन पदमकुंड में समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर निगम और मलेरिया विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला मलेरिया अधिकारी करण सिंह भूरिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल, सार्वजनिक शौचालय, टायर पंचर दुकानें, शासकीय भवन, गलियां, सीमेंटेड टैंक, घर-आंगन में रखे ड्रम, कूलर, गमले, छत पर रखी टंकियां और कबाड़ आदि स्थानों पर वाहक मच्छर पनपते हैं। इनसे बचाव के लिए सप्ताह में एक बार साफ-सफाई अवश्य की जाए और एक सप्ताह से अधिक समय तक कहीं भी पानी ठहरने न दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नालियों की नियमित सफाई की जाए, बहते हुए पानी की व्यवस्था हो, और जहां भी पानी ठहरा हो वहां सप्ताह में एक बार सफाई की जाए। साथ ही ठहरे पानी पर जला हुआ ऑयल, केरोसिन या टेमीफॉस डाला जाए। मच्छरों को पनपने से रोकने और बुखार की स्थिति में नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने की अपील की गई। स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम कर्मचारियों को नागरिकों को जल जनित व वाहक जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम के सभी झोन दरोगा और मलेरिया विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




### सीहोर में 22.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड

## भैरुंदा में सर्वाधिक 31 मिमी और इछावर में सबसे कम 5 मिमी दर्ज



**सीहोर।** जिले में रविवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश भैरूंदा में 31 मिमी दर्ज की गई। 1 जून से अब तक जिले में कुल 391.9 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल इस समय तक सिर्फ 219.2 मिमी बारिश हुई थी।

**सबसे ज्यादा बारिश बुधनी में 587 मिमी रिकॉर्ड :** इस मौसम में अब तक सबसे ज्यादा बारिश बुधनी में 587 मिमी और रहटी में 586.8 मिमी हुई है। भेरूंदा में 415 मिमी, इछावर में 356.3 मिमी, श्यामपुर में 353.3 मिमी, आष्टा में 244 मिमी और जावर में 209 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। बुधनी 30 मिमी, आष्टा 28 मिमी, रहटी 26.4 मिमी, जावर 24 मिमी, सीहोर-22.2 मिमी, श्यामपुर- 21.5 मिमी बारिश हुई।

**सबसे कम 5 मिमी बारिश इछावर में दर्ज :** सबसे कम बारिश इछावर में हुई, जहां सिर्फ 5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार, आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।